

पितरों को नमन

पिता से सीखा बड़ों का सम्मान करना

पितृ पक्ष केवल अपने पूर्वजों को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का समय नहीं है, बल्कि यह उस विरासत को समझने का अवसर भी है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमें मिली है. हमारे पूर्वजों ने हमें केवल संपत्ति या सुविधाएं नहीं दीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, मेहनत, ईमानदारी और परिवार को साथ लेकर चलने की सीख दी. मेरे लिए इस विरासत का सबसे भावनात्मक चेहरा मेरे पिता स्वर्गीय बृजमोहन प्रसाद मिश्र हैं. उन्होंने अपने जीवन में जो संघर्ष देखे और जिन परिस्थितियों का सामना किया, उनकी सीख हमें अपने शब्दों से कम और अपने आचरण से अधिक मिली. उन्होंने सिखाया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए. बड़ों का सम्मान करना और जरूरतमंद के काम आना उनके जीवन का हिस्सा था. उनके संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही उनके प्रति हमारी सबसे सच्ची श्रद्धांजलि है. **- मनोज मिश्रा,** सामाजिक कार्यकर्ता



पिता से मिला समाज सेवा का संस्कार

स्वर्गीय पिता समाजसेवी माधव प्रसाद सांकले अपने काम के साथ-साथ दूसरे लोगों की पीड़ा भी सुनते थे और उसका समाधान भी निकालते थे. हड्डी-मोच जैसी तकलीफों का नि:शुल्क उपचार करना तथा छोटे-मोटे विवादों को आपसी समझाइश से सुलझाकर कोर्ट-कचहरी तक न पहुंचे, इस पर उनका जोर रहता था. इसी सेवा भाव से वे लोगों से मिलते-रहते थे और उन्हें यही समझाइश देते थे. उन्हीं के सेवाभावी स्वभाव को देखकर मैं सेवा भारती, अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में मरीजों को भोजन वितरण, वृद्धाश्रम एवं बाल छात्रावासों में सहयोग, जनकल्याण परिषद के माध्यम से समाजसेवा तथा प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन जैसे कार्य कर रहा हूं. पिता की सेवा-भावना मेरे लिए आशीर्वाद है और जीवन की प्रेरणा भी.



- अशोक सांकले, समाजसेवी

अपने पूर्वजों की अनमोल यादों, प्रेरणादायी प्रसंगों और जीवन से जुड़ी भावुक स्मृतियों को शब्दों में सहेजें. आप भी अपनी स्मृतियां साझा करना चाहते हैं, तो 100 शब्दों में लिखकर भेजें. भेजने वाले का नाम एवं फोटो भेजें. साथ ही धर्म, समाज से जुड़ी खबरें भी भेज सकते हैं. **मोबाइल नंबर - 9669376505**

नगर में आज

माह का प्रादर्श
समय- सुबह 11 बजे से, **स्थान-** मानव संग्रहालय

चित्र प्रदर्शनी
समय- सुबह 11 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय

करुणेश नाट्य समारोह
समय- शाम 7 बजे से, **स्थान-** रवीन्द्र भवन अंजनी सभागार

एक नजर में

गर्ल्स कॉलेज की चार छात्राओं का चयन



संत नगर, 7 अक्टूबर. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की चार छात्राओं का चयन कैटा वी पीपल एंड मैनेजमेंट एडवाइजरी में विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के लिए हुआ है. बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुभाना खान तथा बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा सोबिया खान का चयन एचआर इंटर्न के रूप में हुआ है. वहीं बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा नंदिनी साहू का चयन मार्केटिंग इंटर्न-कंटेंट क्रिएशन तथा ईशा शांगानी का चयन मार्केटिंग इंटर्न के रूप में किया गया है. कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि मेहनत, समर्पण और सीखने की निरंतर इच्छा के साथ छात्राएं अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करेंगी.

कुराना में एक-दूसरे से की क्षमायाचना

भोपाल, 7 अक्टूबर. राजधानी के समीप अतिशय क्षेत्र कुराना में कस्तूरबा नगर मंदिर समिति की आमसभा एवं क्षमावाणी समारोह संपन्न हुआ. सभी ने भगवान आदिनाथ की प्राचीन प्रतिमा का अभिषेक, पूजा-अर्चना कर जनमानस के मंगलमय जीवन की कामना की. वरिष्ठ श्रावक-श्राविकाओं, प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया. समाजजनों ने परस्पर क्षमायाचना करते हुए मैत्री, एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संकल्प लिया. मंदिर समिति अध्यक्ष सुनील जैनाविन व अन्य पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र भेंट किया. प्रवक्ता सुबोध नंदन ने बताया कि मंदिर परिसर के विकास तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए उपयुक्त स्थल के चयन संबंधी प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी ने सहमति दी.

नीलबड़, कोलार स्कूलों की क्रिकेट टीमें जीतीं



भोपाल, 7 अक्टूबर. डॉ. गोविंद नारायण सिंह इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में डीपीएस नीलबड़ ने इंटरनेशनल स्कूल को 5 विकेट से पराजित किया. ओल्ड चैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में इंटरनेशनल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए. जवाब में डीपीएस नीलबड़ ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 131 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस नीलबड़ की शुरुआत अच्छी रही. रबजीत सिंह ने 54 रन की उपयोगी पारी खेली. इसके बाद प्रयांश रॉयल ने 24, युवराज राठौरवंशी ने 25 और जतिन माहोनी ने 7 रन बनाए. राहुल ने भी 2 रन का योगदान दिया. टीम ने 19.3 ओवर में 131 रन बनाकर पांच विकेट से जीत दर्ज की. रबजीत सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया.





राजधानी में दुर्गोत्सव की तैयारी जोरशोर से जारी है. दुर्गा प्रतिमाओं पर रंग-रोगन करते हुए मूर्तिकार.

सज रहीं केवट, मटकी फोड़ कृष्ण विवाह की झांकियां

दुर्गा चौक तलैया... 7 लाख की लागत से तैयार हो रहा पंडाल

नवभारत न्यूज

भोपाल, 7 अक्टूबर. दुर्गा चौक तलैया में मां जगत जननी की स्थापना के लिए पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है. समिति इस पर करीब 5 से 7 लाख रुपए खर्च करेगी. दुर्गा चौक तलैया पर पिछले 60 वर्षों से मां जगत जननी की स्थापना हो रही है. पुराने शहर में जगह का अभाव है, इसलिए छोटे रूप में पंडाल तैयार होता है.

मां अंबे की प्रतिमा स्थापना के साथ ही अलग से 5 से 7 धार्मिक प्रसंगों पर आधारित चलित झांकियां भी ट्रॉलियों पर सजाई जाती हैं. इनकी इलेक्ट्रॉनिक साज-सज्जा की जाती है. इस बार प्रभु श्रीराम के गंगा नदी पार कराने में केवट की भूमिका, मटकी फोड़, श्रीकृष्ण विवाह समेत अन्य झांकियां शामिल होंगी. 'श्री मां दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक तलैया' वर्ष दुर्गा स्थापना को लेकर नया अध्यक्ष चुनती है. इस बार रोहन राठौर को यह जिम्मेदारी मिली है. उनके ही निर्देशन में पंडाल और झांकियां तैयार हो रही हैं.

तलैया की झांकियों का हर बार उत्कृष्ट प्रदर्शन



समिति संयोजक संदेश नेमा ने बताया कि नवरात्रि के समापन पर श्री हिंदू उत्सव समिति की अगुवाई में चल समारोह निकलता है. जिसमें दुर्गा चौक तलैया की झांकी को हर बार प्रथम स्थान मिलता है. 1996 में भोपाल के तत्कालीन कलेक्टर इकबाल सिंह बैंस ने चल समारोह में उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कार रखा था. उस समय दुर्गा चौक तलैया की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला था. इसके बाद भी जब भी जिला प्रशासन या हिंदू उत्सव समिति द्वारा पुरस्कार रखे गए, उसमें यहां की झांकी प्रथम रही. कैलाश बैगवानी के कार्यकाल में झांकी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 9 तोले का स्वर्ण मुकुट मिला था. इस बार भी उम्मीद है कि पूर्व का रिकॉर्ड हासिल करने में हम कामयाब रहेंगे.

संत नगर में माताराणी का आगमन आज

संत नगर. वाल्मीकि महाकाली उत्सव समिति द्वारा माताराणी के आगमन का आयोजन 8 अक्टूबर, गुरुवार को शाम 7 बजे वाल्मीकि मंदिर के पास, आरा मशीन रोड, संत नगर में किया जाएगा. आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकजुटता के साथ माता रानी का स्वागत करना है. कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विधायक रामेश्वर शर्मा हैं. आयोजन की जिम्मेदारी दीपक चोटले, दिनेश धोलपुरिया, रोहित धोलपुरिया एवं दिव्यांश धारू संभाल रहे हैं. आयोजन में हीरो हिंदू, अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब एवं कोषाध्यक्ष संत नगर मंडल भाजपा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है.

आंखों की जांच के बाद एम्स देगा नि :शुल्क नेत्र स्वास्थ्य पासपोर्ट

▶ विश्व दृष्टि दिवस पर आज दिया जाएगा आई हेल्थ पासपोर्ट

भोपाल, 7 अक्टूबर. एम्स भोपाल का नेत्र रोग विभाग इस वर्ष 8 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस मनाएगा. एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेन्द्र कोतवाल के मार्गदर्शन में आम जनता को जागरूक करने के लिए एक स्वास्थ्य पहल शुरू की जा रही है.

'एम्स की अनोखी पहल' के अंतर्गत इस वर्ष एम्स भोपाल द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया आई हेल्थ पासपोर्ट (नेत्र स्वास्थ्य पासपोर्ट) जारी किया जाएगा. यह सुविधा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के मूल निवासियों के लिए होगी. 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर विश्व दृष्टि दिवस (8 अक्टूबर) के दिन एम्स भोपाल की नेत्र ओपीडी (नेत्र रोग बाह्य रोगी विभाग) में आने वाले पहले 100 मरीजों (मध्य प्रदेश के निवासी) को प्राथमिकता दी जाएगी.

इस विशेष अभियान में मरीजों को ओपीडी की लंबी कतारों में लगकर पर्चा (पंजीकरण पर्ची) बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी. मरीज सीधे वॉक-इन (सीधे प्रवेश) के माध्यम से ओपीडी में आकर अपनी आंखों की विस्तृत जांच करा सकेंगे और अपना व्यक्तिगत आई हेल्थ पासपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे.

ग्रामीणों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

बीएचईएल ने बिलखिरिया में आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 7 अक्टूबर. बीएचईएल, भोपाल ने बुधवार को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत शासकीय माध्यमिक शाला, बिलखिरिया खंड, फंदा (ग्रामीण), भोपाल में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया.



शिविर का आयोजन महाप्रबंधक (एचआर) हेमराम पटेल तथा कस्तूरबा अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं की प्रमुख आरती सिंह के मार्गदर्शन में किया गया. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों एवं अन्य लाभार्थियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयां वितरित कीं. इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (टीएडी) समीर पॉल, एस्टेट अधिकारी रमेश चंद्र, बीएचईएल सीएसआर सेल के सदस्य, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे. शासकीय विद्यालय की प्राचार्य लीना श्रीवास्तव तथा ग्राम सरपंच सावित्री बाई ने भी शिविर में सहभागिता की.

छाती की हड्डी काटे बिना छोटे चीरे से की बायपास सर्जरी

▶ 44 वर्षीय मरीज को 4-5 दिन में मिली छुट्टी

भोपाल, 7 अक्टूबर. नर्मदापुरम रोड स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में मिनिमल इनवेसिव तकनीक से जटिल हार्ट बायपास सर्जरी की गई.

इस तकनीक में छाती की हड्डी काटे बिना बाईं ओर करीब 3-4 इंच के छोटे चीरे से हृदय तक पहुंच बनाई जाती है. अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी सर्विसेज के कंसल्टेंट डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि विशेषज्ञ टीम ने अब तक इस तकनीक से कई मरीजों की सफल बायपास



सर्जरी की है. उन्होंने बताया कि इस तकनीक में छोटे चीरे के कारण मरीज को कम दर्द और रिकवरी भी तेजी से होती है. मरीज की स्थिति और सर्जरी के बाद रिकवरी के आधार पर उसे करीब चार से पांच दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है. अस्पताल में 44 वर्षीय मरीज की धमनी में कई ब्लॉकेज थे. उसे घबराहट, चलने में परेशानी हो रही थी. मरीज ओपन हार्ट सर्जरी नहीं कराना चाहता था. डॉक्टरों ने मिनिमल इनवेसिव तकनीक से उसकी बायपास सर्जरी की.



अहंकार से कम होती है व्यक्ति की आयु : पं. शास्त्री

▶ सम्राट कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिन

नवभारत न्यूज.

भोपाल, 7 अक्टूबर. सम्राट कॉलोनी स्थित गोपी वाला महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया.

पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि अहंकार से व्यक्ति के पुण्य का नाश होता है और पुण्य के नाश से व्यक्ति की आयु कम होती है. इस अवसर व्यास पीठ का पूजन कथा यजमान प्रभात नारायण मिश्रा, अनिल कुमार बरसैयां आदि ने किया. कथा यजमान नारायण मिश्र ने बताया कि गुरुवार को गिरिराज धरण की लीला एवं छप्पन भोग की लीला का वर्णन होगा. इस अवसर पर भगवान गिरिराज की सुंदर झांकी सजाई जाएगी.

डॉ. सूर्या बाली 'सीनियर रिसर्चर अवॉर्ड' से सम्मानित

भोपाल, 7 अक्टूबर. एम्स भोपाल के प्रोफ़ेसर डॉ. सूर्या बाली को स्वास्थ्य योजना और नीति बनाने में सहयोग देने वाले शोध के लिए 'सीनियर रिसर्चर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. उन्होंने सीहोर ज़िले में 11,967 प्रतिभागियों के बीच कम्युनिटी-बेस्ड स्टडी (समुदाय आधारित अध्ययन) कर असिस्टिव टेक्नोलॉजी (सहायक तकनीक) की ज़रूरतों, कम इस्तेमाल, किफ़ायती होने, अपनी जेब से होने वाले खर्च और सेवाएं पाने में आने वाली मुख्य दिक्क़तों की पहचान की. यह सम्मान एपिडेमियोलॉजी (महामारी विज्ञान) फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के 7वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया, जहां डॉ. बाली ने दो सत्रों की अध्यक्षता भी की.

आज शहर के 25 इलाकों में बिजली कटौती

भोपाल, 7 अक्टूबर. राजधानी में मेंटनेंस के लिए गुरुवार को करीब 25 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. गुरुवार सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक इतवारा रोड, आजाद मार्केट, सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर, राधापुरम, कृष्णापुरम, शिवालय परिसर, अनुजा विलेज, ओप्टेल कुंज, कृष्णा विहार, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निजामद्दीन कॉलोनी, सागर स्टेट, सुख सागर कॉलोनी, सचितानंद नगर, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक इंद्रा नगर, बहेटा गांव, बैरागढ़ स्थित एच वार्ड, कम्युनिटी हॉल, जी वार्ड, एफ वार्ड, सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चिंतामण रोड, चौक बाजार में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

जनभागीदारी से करेंगे वन्यजीव संरक्षण

▶ वन विहार में वन्यजीव सप्ताह के समापन पर लिया संकल्प

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 7 अक्टूबर. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में बुधवार को वन्यजीव सप्ताह-2026 का समापन हुआ. कार्यक्रम में वन्यजीव और जैव-विविधता संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया गया.

मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने प्राकृतिक आवासों के संरक्षण और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व पर जोर दिया. कार्यक्रम में वन्यजीव संरक्षण की शपथ दिलाई गई और सप्ताहभर की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों व वन विहार कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. इस दौरान भोपाल बर्ड फेस्टिवल-2027 के पोस्टर और बड्र्स, कॉल्स ऑफ वन विहार नेशनल पार्कपोस्टर का विमोचन किया गया.



प्रतियोगिताओं में ये बच्चे रहे अव्वल

वन्यजीव सप्ताह के अंतिम दिन बच्चों के लिए मध्यप्रदेश के वन्यजीव थीम पर टॉडलर वॉक और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। टॉडलर वॉक में पर्णिका डोंगरे प्रथम, अरना मुंगी द्वितीय और मो. हसन तृतीय रहे. फेस पेंटिंग में धारू सावले प्रथम और प्रनुषा दुबे तृतीय रहीं.

रवीन्द्र भवन में 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' 12 से

▶ पांच से अधिक देशों के विद्वान और कलाकार होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

भोपाल, 7 अक्टूबर. संस्कृति विभाग द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' 12 से 18 अक्टूबर तक रवीन्द्र भवन में आयोजित किया जा रहा है.

संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बुधवार को रवींद्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव में राम लीला प्रदर्शन के साथ ही बौद्धिक सत्र, स्टोरी टेलिंग सेशन, प्रदर्शिनियां, कला शिविर, कला कार्यशाला, कठपुतली प्रदर्शन, भजन जैमिंग केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ 12 अक्टूबर को सायं 7 बजे मुक्ताकाश मंच, रवीन्द्र भवन में होगा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे. 12 अक्टूबर को रामलीला उत्सव में इंफाल, मणिपुर के कलाकारों द्वारा मणिपुरी नृत्य शैली में नारद मोह, श्रीराम जन्म, विद्या अभ्यास एवं ताड़वा वध होगा. रात्रि 9 बजे से हृदय बैंड, भोपाल की भजन जैमिंग की प्रस्तुति होगी. 13 अक्टूबर को असम के कलाकारों द्वारा सत्रिया नृत्य शैली में अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर की प्रस्तुति दी जाएगी.

साहित्य | रिटायर्ड अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. वीणा सिन्हा की कविताओं पर चर्चा

लोगों के दर्द को सुना, महसूस किया और कविता में पिरोया

नवभारत न्यूज

भोपाल, 7 अक्टूबर. शासकीय चिकित्सा सेवा के दौरान लोगों के दर्द को सुना, देखा और इलाज के दौरान महसूस किया. दर्द की गहराई तब और महसूस हुई जब अपने परिजन को एक गंभीर बीमारी में खो दिया.



दर्द से गुजरते हुए पीड़ा ने शब्दों का रूप लिया और अंग्रेजी की कविता संग्रह 'स्काई इज अलाइव एंड वेटिंग 'का सृजन हुआ. यह बात रिटायर्ड अपर संचालक स्वास्थ्य डॉ वीणा सिन्हा ने बुधवार शाम क्लब लिटराटी द्वारा अरेरा क्लब में आयोजित बुक डिस्कसन में रिटायर्ड आईपीएस एवं मॉडरेटर अरुणा एम राव के एक सवाल के जवाब में कही. इस अवसर पर शहर के बुद्धिजीवियों के प्रश्नों के उत्तर भी डॉ. सिन्हा ने दिए.

रिटायर्ड आईपीएस राव ने कहा कि यह काव्य संग्रह मुक्त छंद की सहज और प्रवाहपूर्ण शैली में रचा गया है. क्लब लिटराटी की प्रोफेसर सीमा रायजादा ने कहा कि कई बार बीत चुके क्षण भी अपनी स्मृतियों के रूप में हमारे भीतर लंबे समय तक जीवित रहते हैं. डॉ. सिन्हा की कविताओं में यही स्मृतियां और जीवनानुभव सशक्त रूपकों तथा संवादधर्मी काव्य-भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति पाते हैं. स्वास्थ्य विभाग से अपर संचालक



से सेवानिवृत्त डॉ. वीणा सिन्हा ने चिकित्सा और साहित्य, दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उनके साहित्यिक कृतित्व में कविता-संग्रहों के साथ-साथ मिथक, इतिहास, स्त्री-अनुभव, मानवीय रिश्तों और समकालीन सामाजिक यथार्थ को केंद्र में रखकर लिखे गए उपन्यास शामिल हैं. उन्हें अनेक साहित्यिक सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है.

अग्रसेन जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

▶ लक्की ड्रा से 21 चांदी के सिक्के मिलेंगे

नवभारत न्यूज

भोपाल, 7 अक्टूबर. अग्रसेन महाराज की जन्म जयंती पर 11 अक्टूबर को शोभायात्रा निकलेगी. श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के तत्वावधान में जन्म जयंती पिछले 50 वर्षों से मनाई जा रही है.

इस बार अग्रवाल युवा मंच कार्यक्रम आयोजित करेगा. समिति के अध्यक्ष मनमोहन मंगल ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे कमला पार्क के सामने, आईटीसी पार्क स्थित अग्रसेन वाटिका में महाराज का पूजन होगा. इस दौरान शहर के सभी अग्रवाल समाज संगठनों के प्रमुखों तथा समाजसेवियों और



मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. संयोजक रूपेश अग्रवाल ने बताया कि चल समारोह में लक्की ड्रा से 21 चांदी के सिक्के मिलेंगे. शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण महाराज अग्रसेन की आराध्य माता महालक्ष्मी की पालकी होगी. इसके अलावा झांझ-मजीरा और डमरू दल की गूंज के साथ आकर्षक बैंड, सजे-धजे रथ चल समारोह की शोभा बढ़ाएंगे. शोभायात्रा में समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी.

उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने बताया कि समाज में पर्यावरण चेतना जगाने के लिए 'एक जन्मदिन, पर्यावरण के नाम' थीम पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए एक-एक पौधा और सम्मान प्रमाण-पत्र भेंट किया जाएगा. रविवार को शाम 6 बजे शोभायात्रा गुलाबचंद धर्मशाला ट्रस्ट दयानंद चौक से शुरू होगी, जो जनकपुरी जुमेराती, लोहबाज़ार, सर्राफा चौक और सावरकर चौक लखेरापुरा प्रमुख मार्ग से होते हुए गुर्जरपुरा स्थित श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायती भवन पहुंचेगी, जहां यह पुष्पांजलि सभा में परिवर्तित होगी.